डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26

ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 19 | अंक 102 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | शुक्रवार 24 जनवरी 2025 | मूल्य 2 रुपया


फालोअप- मामला स्कूलों की मान्यता का...

## आवेदन की अंतिम तारीख बढ़ाई

### खेल मैदान, ट्रेंड स्टॉफ के साथ पहुंच मार्ग सही होना जरूरी

**मंदसौर, 23 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशानुसार निजी स्कूलों के नवीनीकरण के लिए स्कूलों को हर तीन साल में नवीन मान्यता के लिए आवेदन करना होगा। जिले में अभी कक्षा 1 से 8 तक पढ़ाने वाले 655 निजी स्कूल हैं। इनमें से 610 स्कूलों की मान्यता इसी सत्र में समाप्त हो रही है।

बता दें कि इसमें सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि 23 जनवरी तक आवेदन करने की अंतिम तिथि थी। सभी स्कूलों ने फिलहाल आवेदन नहीं किए थे। हालांकि इसके बाद अंतिम तिथि बढ़ाकर अब 31 जनवरी कर दी गई है। इस बार आवेदन करने के बाद मान्यता की राह आसान नहीं होगी। शिक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा भौतिक सत्यापन किया जाएगा। खेल मैदान, ट्रेंड स्टॉफ के साथ पहुंच मार्ग भी सही होना मान्यता के लिए जरुरी होगा।



हार्ट केयर

श्री सिद्धि विनायक

अब नियमित सेवाएं मंदसौर में उपलब्ध

हृदय रोगों के उपचार में अंचल का जाना पहचाना नाम

हृदय रोग विशेषज्ञ



डॉ. पवन मेहता

MBBS, M.D. (Medicine) I DM (Cardiology)

Consultant Interventional Cardiology

परामर्श समय - प्रतिदिन प्रातः 10:00 से सायं 5:00 बजे तक

12, दशपुर कुंज रोड, सिविल हॉस्पिटल के सामने, मंदसौर (म.प्र.) 07422-490333


# नौटंकी बाज नपा के कारिंदे..!

## बीपीएल से अस्पताल के बाहर हर माह कर रहे दिखावा



### हकीकत: अस्पताल के बाहर अघोषित पार्किंग, दशपुर कुंज के बाहर नहीं हटा पा रहे अतिक्रमण

**मंदसौर, 23 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** सड़क सुरक्षा सप्ताह बीत गया। मंदसौर-सीतामऊ रोड और राजमार्ग को लेकर कंसन्ट्रेट किया गया। लेकिन, मंदसौर की बदहाल यातायात व्यवस्था पटरी पर आने का नाम नहीं ले रही। इसका कारण है अघोषित पार्किंग और अवैध अतिक्रमण। जिनको लेकर नपा के कारिंदे माह में एक दो बार औपचारिकता करने के लिए निकल जाते हैं। यहां हम बात कर रहे हैं बीपीएल से गांधी चौराहा तक के रोड का। इस जगह पर नगरपालिका के कारिंदे अतिक्रमण हटाने के नाम पर लगभग हर माह पहुंचते हैं। लेकिन, स्थिति ओर बिगड़ती जा रही है। बड़े अस्पताल के बाहर तो मानो अघोषित पार्किंग ही बन गई है। दुपहिया नहीं, चार पहिया वाहन बेतरतीब तरीके से खड़े देखे जा सकते हैं। इधर दशपुर कुंज के बाहर अवैध रूप से किए गए अतिक्रमण को हटाने का नाम नहीं लिया जा रहा।

**यह स्थिति बन रही, यह हो रही समस्या...**

अस्पताल के तरफ के हिस्से की बात करें तो कुछ दिनों पहले नारियल के ठेलों सहित अन्य ठेलों को हटाया गया था। इसके बाद यहां चार पहिया वाहन खड़े किए जा रहे हैं। यहां स्थिति यह हो रही है कि सड़क छोटी हो रही है। अस्पताल के बाहर निकलने वाले वाहन, डिवाइडर पर लगे कट से डिवाइडर क्रास कर रोड के दूसरी तरफ आने वाले वाहन और सीधे जा रहे वाहन । यह तीनों अस्पताल के गेट के बाहर टकराते हैं। जिससे हर पांच मिनट में जाम की स्थिति बन रही है। इधर बात करें अस्पताल के सामने वाले हिस्से की। मतलब दशपुर कुंज के बाहर की तो व्यापारियों का ठेला, उसके ग्राहक के वाहन जिससे सड़क छोटी हो जाती है। जिससे जाम लग जाता है। यहां मौजूद कॉम्प्लेक्स, दवाईयों की दुकानों, बैंक के बाहर हमेशा ग्राहकों के वाहन होते हैं। मतलब यतायात की बिगड़ती स्थिति का पता आसानी से लगाया जा सकता है।

**यहां किए 25 लाख बर्बाद, कोई लाभ नहीं...**

नपाध्यक्ष बंधवार की हत्या के बाद मंदसौर नगरपालिका में कांग्रेस पार्षद हनीफ शेख को मप्र शासन ने अध्यक्ष बनाया। इस दौरान ऑपरेशन सफाया चलाया। शहर में जगह-जगह अवैध अतिक्रमण, गुमटियों को हटाने की कार्रवाई की। इसी कार्रवाई में नपा ने बड़े अस्पताल के सामने दशपुरकुंज बगीचे के बाहर से स्थायी अवैध गुमटियों को हटाने की कार्रवाई की। इसका विरोध भी हुआ। लेकिन, नपा ने जेसीबी चलाकर सफाई कर दी। अतिक्रमण हटाने के बाद वापस स्थिति ना बने इसके लिए नपा ने इसके जीर्णोद्धार व सौंदर्याकरण की योजना बनाकर बगीचे की नई बाउंड्रीवॉल, नाला निर्माण कराया। इसके बाद बाहर बाउंड्रीवॉल पर सुंदर पेंटिंग कराई, आई लव मंदसौर का सेल्फी पाइंट बनाया। बाउंड्रीवॉल के बाहर जगह-जगह बैठक कुर्सी लगाई। जिससे गुमटियां ना लग सकें। नपा की आंखों के सामने यहां गुमटियों की जगह हाथ ठेले वालों ने कब्जा कर लिया। नपा द्वारा सुंदरता पर खर्च किए 25 लाख से अधिक रूपए बर्बाद हो गए। लेकिन, जिम्मेदारों को अतिक्रमण नहीं दिख रहा।

**कुर्सियों पर ग्राहकों को बैठाकर खिलाया जा रहा...**

नपा ने बगीचे के बाहर लोगों के बैठने के लिए सीमेंट-कांक्रीट की कुर्सियां लगवाई थी। सभी को भजिये, आलूबड़े, पतासे, पराठा सहित अन्य नाश्ता के ठेले लगाने वाले व्यापारियों ने कब्जे में ले लिया। इन पर सामान रखने व ग्राहकों को बैठाकर खिलाने का काम किया जा रहा।

# आरटीओ : तीन दिन से लाईसेंस को लेकर परेशान लोग





**मंदसौर, 23 जनवरी गुरु एक्सप्रेस। परिवहन विभाग में लर्निंग लाइसेंस के लिए आवेदन करने वाले आवेदकों को बीते तीन दिनों से सर्वर की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। सर्वर बार-बार ठप्प होने के कारण आवेदन प्रक्रिया पूरी नहीं हो पा रही है। लर्निंग लाइसेंस के आवेदकों ने बताया कि ओटीपी प्राप्त होने के बाद जैसे ही जानकारी दर्ज करते हैं, वेबसाइट 404 कान्ट फाउंड का एरर दिखा देती है।**

आरटीओ के रिकॉर्ड बताते हैं कि पिछले एक साल में सर्वर में इस तरह की परेशानी 30 से अधिक बार आ चुकी है। अधिकारियो का कहना है कि एनआईसी टीम इस तकनीकी खामी को ठीक करने के लिए लगातार काम कर रही है। सर्वर समस्या ने हजारों लोगों को परेशानी में डाल दिया है। लर्निंग लाइसेंस से जुड़े आवेदक लगातार आरटीओ और दलालों के चक्कर काट रहे है। लेकिन, कोई हल नहीं निकल रहा। आवेदकों का कहना है कि यदि जल्द ही समाधान नहीं निकला, तो उन्हें अन्य माध्यमों से अपनी शिकायतें दर्ज करनी पड़ेगी।

बता दें कि प्रदेशभर में आरटीओ सर्वर की दिक्कतें पिछले सालभर से आवेदकों के लिए मुसीबत बनी हुई हैं। हर दो से तीन महीने में सर्वर ठप होने की समस्या सामने आती है, जिससे आवेदकों को लर्निंग लाइसेंस और अन्य कार्यों के लिए कई दिन तक इंतजार करना पड़ता है।

**तीन से ठप्प है सर्वर...**

भोपाल आरटीओ में फिर सर्वर डाउन हो गया। बीते 2 दिन से आवेदक परेशान हो रहे हैं। पिछले 3 महीने में 17वीं बार सर्वर ठप हुआ है। जिससे परमानेंट लाइसेंस बनवाने वाले आवेदकों के फोटो नहीं खींच पाए। लाइसेंस की पेंडेंसी भी बढ गई है। पिछले साल भर से लगातार इस तरह की दिक्कत प्रदेशभर में चल रही है।



# फिर दिनदहाड़े हो गई चोरी

### नगर में बढ़ती चोरियों पर पुलिस का नहीं हैं अंकुश

**सुवासरा, 23 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** नगर में फिर दिनदहाड़े चोरी हो गई। नगर परिषद सुवासरा में दैनिक वेतन भोगी के पद पर कार्यरत कर्मचारी रमेश पुरोहित के सुने मकान में ताला तोड़कर बदमाशों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। पुरोहित के परिवार के लोग पंडित कमल किशोर जी नागर की कथा सुनने किशोरपूरा गए थे। इसी बीच बदमाशों ने मौका देखकर सूने मकान को अपना निशाना बनाकर एक मंगलसूत्र, चार सोने के मोती, पाइजब, नाक की नथनी, बिछिया सहित करीब तीन हजार नगदी ले गये। जब परिवार के लोग कथा से लौटकर घर पहुंचे तो देखा कि ताला टूटा हुआ था। फिर इसकी जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर घटनास्थल का पंचनामा बनाया। बता दे की सुवासरा में लगातार बढ़ रही चोरी की वारदातो पर सुवासरा पुलिस का कोई अंकुश नहीं हैं। जिससे आम जन मे डर का भय बना हुआ है।

## संभाग के सात जिलों की 78 टन ड्रग्स को नष्ट किया





**मंदसौर, 23 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** नीमच जिले के जावद स्थित सीमेंट प्लांट में गुरुवार को उज्जैन संभाग के सभी थानों में जब्त 8 हजार 600 करोड़ की अलग-अलग करीब 78 टन ड्रग्स को नष्टीकरण किया है। सभी थानों के करीब 456 मामलों में जब्त डोडाचुरा, अफीम, स्मैक, एमडीएम, गांजा, चरस सहित अन्य मादक पदार्थ जब्त किए है।

देश में नीमच-मंदसौर जिला अफीम की खेती के लिए जाना जाता है। यहां बड़ी मात्रा में अफीम उत्पादन किया जाता है। नीमच जिले में मादक पदार्थ तस्करी से जुड़े मामले आये दिन सामने आते रहते हैं। जिसमे पुलिस के द्वारा बड़ी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ अफीम, डोडाचूरा, गांजा आदि जप्त करने की कार्रवाई की जाती है।

बता दें कि केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देश पर 11 जनवरी से 25 जनवरी तक ड्रग्स डिस्पोजल पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में गुरुवार को नीमच जिले के जावद थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाली विक्रम सीमेंट फैक्ट्री अल्ट्राटेक के सीमेंट प्लांट के बॉयलर में गुरुवार को 10 प्रकार के 78 टन मादक पदार्थ का नष्टीकरण किया जा रहा है। जिसकी अनुमानीत कीमत करीब 8 हजार 600 करोड़ रुपए आंकी जा रही है। इस नष्टीकरण की प्रक्रिया में बड़ी संख्या में वाहनों में पुलिस द्वारा गत वर्ष जप्त किये गए अवैध मादक पदार्थ को लाया गया। उज्जैन जोन के सात जिलों नीमच, मंदसौर, रतलाम, उज्जैन, आगर मालवा, देवास, शाजापुर के विभिन्न थाना क्षेत्र में जप्त किए गए मादक पदार्थ को नष्ट किया गया। इस दौरान उज्जैन जोन के आईजी उमेश कुमार जोगा, रतलाम रेंज के डीआईजी मनोज कुमार सिंह सहित चार जिलों के एसपी और बड़ी संख्या में डीएसपी, थाना प्रभारी, करीब 200 पुलिसकर्मी कार्रवाई के दौरान मौजूद रहे। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों की मौजूदगी में नस्टीकरण की प्रक्रिया की गई।

## तापमान में जल्द आएगी तीन डिग्री तक गिरावट



**मंदसौर, 23 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** जिले में पिछले 24 घंटों में दिन के तापमान में 1 डिग्री तक की गिरावट आई है। अधिकतम तापमान 26 डिग्री व न्यूनतम तापमान 13 डिग्री के आसपास बना हुआ है। अगले दिनो में तापमान में तीन डिग्री तक गिरावट आएगी।

मौसम जानकारों के अनुसार कल 25 जनवरी से फिर तेज ठंड का दौर शुरू हो सकता है। इस दौरान दिन और रात के तापमान में 2 से 3 डिग्री तक की गिरावट आ सकती है। वर्तमान में दो सिस्टम की एक्टिविटी से हवाओं का रुख दक्षिण पूर्वी बना हुआ है। उत्तरी हवाओं के चलने से ठंड बढ़ेगी।

सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ. वेद प्रकाश सिंह ने बताया कि पंजाब और निकटवर्ती क्षेत्रों में साइक्लोनिक सर्कुलेशन एक्टिव है। वहीं, एक वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) की भी एक्टिविटी है। इस वजह से दक्षिण-पूर्वी हवा चल रही है। अगले 2 दिन में हवा का रुख उत्तरी हो जाएगा। इससे जिला एक बार फिर ठंडी हवा की चपेट में आएगा और दिन-रात के तापमान में दो से तीन डिग्री तक गिरावट की संभावना है। पश्चिम-उत्तर भारत में जेट स्ट्रीम हवाएं भी चल रही हैं। लेकिन, प्रदेश में इसका असर कम है। जेट स्ट्रीम हवाएं जमीन से 12.6 किमी की ऊंचाई पर चलती हैं। बुधवार को जेट स्ट्रीम 268 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से चली। मौसम विभाग के अनुसार, जेट स्ट्रीम हवा की रफ्तार कम होने से तापमान में बढ़ोतरी हुई है।

### बाइक साइड में लेने की बोला तो पीटा

**पिपलियामंडी, 23 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** बाइक साइड में लेने के लिए हार्न बजाने पर मारपीट के मामले में पुलिसने केस दर्ज किया। बोरखेड़ी इंदौर निवासी कमलेश बागरी ने मल्हारगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि मैं गांव में टेंट संचालक देवेन्द्रसिंह के यहां टैक्टर चलाता हूं, रात्रि में टेंट लगाकर वापस आने के दौरान सुरेश बावरी बाइक लेकर सड़क पर खड़ा था। मैंने ट्रेक्टर से हार्न बजाया व साइड में लेने की बोला तो मारपीट की जिससे चोंट आई। पुलिस ने आरोपी सुरेश पर केस दर्ज किया।

# दशपुर में शराब बंदी! सरकार ने की घोषणा

### 11 जिलों में 17 जगहों पर नहीं बिक सकेगी शराब




**मंदसौर, 23 जनवरी गुरु एक्सप्रेस। शराब बंदी को लेकर सरकार के निर्णय की प्रतिक्षा की जा रही थी। धार्मिक नगरों में शराब बंदी की बात भी कही जा रही थी। इसलिए माना जा रहा था कि मंदसौर भी इसमें शामिल होगा। इसका कारण है कि मध्यप्रदेश सरकार भगवान पशुपतिनाथ की नगरी मंदसौर को पहले ही पवित्र नगरी घोषित कर चुकी है। सरकार ने गुरुवार को इसका ऐलान भी कर दिया। आखिरकार मंदसौर में भी शराब बंदी की घोषणा कर दी गई है। वहीं प्रदेश के 11 जिलों में 17 जगहों पर यह घोषणा की गई है।**

शराबबंदी को लेकर एक बार फिर सरकार सख्त नजर आ रही है। प्रदेश में कुल 17 जगहों पर शराब को बैन करने के संबंध में सीएम मोहन यादव ने आदेश जारी किए हैं। ये 17 जगह 11 जिलों में आते हैं। मोहन यादव ने 17 धार्मिक नगरों में शराबबंदी की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश के अंदर जहां-जहां भगवान कृष्ण के चरण पड़े, जहां-जहां लीलाएं हुई, एक-एक स्थान को हम अपने धार्मिक पर्यटन का केंद्र बनाएंगे। सीएम मोहन यादव ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि भगवान राम मध्य प्रदेश में जहां-जहां से गुजरे हैं और 11 साल चित्रकूट में गुजारा है, ऐसे स्थान को भी हम अपने धार्मिक आस्था का केंद्र सबसे श्रेष्ठ सुविधाओं के आधार पर बनाने वाले हैं। डॉ. मोहन यादव ने शराबबंदी को लेकर कहा कि समाज में नशाखोरी की आदत, खासकर शराब से परिवार के परिवार बराबद हो जाते हैं। यह बहुत बड़ा कष्ट है। हमने संकल्प लिया है हमारी सरकार के माध्यम से 17 अलग-अलग धार्मिक नगरियों में शराबबंदी करने की घोषणा करते हैं।

**प्रदेश के इन स्थलों पर हो सकता है नशा बैन...**

✻ उज्जैन (महाकालेश्वर मंदिर) ✻ ओरछा (भगवान रामराजा सरकार की नगरी) ✻ मंडला (नर्मदा के प्रसिद्ध घाट, भक्तों की भीड़ लगती है.) ✻ महेश्वर (पर्यटन नगरी, नर्मदा किनारे कई प्राचीन मंदिर) ✻ दतिया (प्रसिद्ध पीतांबरा माई का मंदिर) ✻ ओंकारेश्वर (12 ज्योर्तिलिंगों में से एक भगवान ममलेश्वर का मंदिर) ✻ मुलताई (प्रसिद्ध धार्मिक ताप्ती नदी का उद्गम स्थल) ✻ जबलपुर (नर्मदा के किनारे बसा शहर, भेड़ाघाट) ✻ नलखेड़ा (मां बगुलामुखी माता का प्रसिद्ध मंदिर) ✻ सलकनपुर (प्रसिद्ध देवी मंदिर) ✻ चित्रकूट (धार्मिक नगरी, भगवान राम ने वनवास का समय यहा बिताया था) ✻ मंदसौर (भगवान पशुपतिनाथ का प्रसिद्ध मंदिर) ✻ मैहर (मां शारदा का प्रसिद्ध मंदिर) ✻ बरमान घाट और मंडेलश्वर (दोनों ही मां नर्मदा के प्रसिद्ध घाट हैं) ✻ पन्ना (जुगलकिशोर भगवान का प्राचीन मंदिर) ✻ सांची को भी इसमे शामिल किया जा सकता है, क्योंकि यह बेहद प्राचीन जगह है। ✻ अमरकंटक (नर्मदा उद्गम स्थल, नर्मदा मंदिर)


नवम पुण्य स्मरण

नन्हें हाथों को थाम हमें दी एक पहचान।

पूर्ण से सम्पूर्ण बनाकर, चले गये आप करने विश्राम॥



स्व. श्री राधेश्यामजी मुजावदिया

स्वर्गवास-24 जनवरी 2016

श्रद्धानवत

✻ मुजावदिया स्टेशनरी मार्ट, मंदसौर

✻ मुजावदिया कम्युनिकेशन, मंदसौर

✻ मुजावदिया आर्किटेक्ट, मंदसौर

# भारतीय संविधान हमारे देश की मजबूत नींव है-दीक्षित

**सभी मंडलों में बाबा साहब के जीवन पर प्रश्न-उत्तरीय एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित, कल भाजपा के प्रत्येक मंडल पर होगा संगोष्ठी का आयोजन**

**मंदसौर, 23 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** भारतीय जनता पार्टी केन्द्र व प्रदेश नेतृत्व के निर्देश तथा भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित के नेतृत्व में संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के आर्दश ओर सिद्धांतो को प्रचारीत करने के लिए विभिन्न प्रकार के सामाजिक और संगठनात्मक कार्य जिले के सभी संगठनात्मक मंडलों में मंडल अध्यक्षगणो के मार्गदर्शन में जारी है जिनमें जिला भाजपा द्वारा तय किये गये वक्ताओं द्वारा मार्गदर्शन दिया जा रहा है। इसी क्रम में आज मल्हारगढ़ विधानसभा के गुर्जरबर्डिया मंडल में भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित के मुख्य आतिथि और मंदसौर जनपद पंचायत अध्यक्ष बसंत शर्मा, मंडल अध्यक्ष भेरुलाल सेन की उपस्थिति में सीएम राइज स्कूल गुर्जरबर्डिया में स्कूल के कई विद्यार्थीयों ने बाबासाहब के जीवन पर आधारित प्रश्न उत्तरीय एवं निबंध प्रतियोगिता में भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुवें भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश दीक्षित ने बच्चों को भारतीय संविधान के महत्व के बारे में जानकारी देते हुवें कहा कि यह हमारे देश की नींव है और यह हमें समानता, स्वतंत्रता, और न्याय का अधिकार प्रदान करता है। हमे भारतीय संविधान के मूल सिद्धांतो जैसे अधिकारों की सुरक्षा,



शिक्षा का अधिकार, समानता का अधिकार आदि के बारे में ज्ञात होना चाहिए। हमें संविधान में निर्देशित कर्तव्यों के बारे में जानकारी रखकर समाज में सामूहिक जिम्मेदारी, प्रदूषण से बचाव, और भारतीय संस्कृति की रक्षा जैसे मुल मंत्रों को आत्मसार करना चाहिए साथ ही लोकतंत्र की प्रक्रिया, मतदान, और चुनावों के महत्व के बारे में जागरूक होना चाहिए। हमें यह समझाना है कि संविधान केवल कानून नहीं, बल्कि यह हर व्यक्ति के अधिकारों की रक्षा करता है, और हमें उन अधिकारों का सम्मान करना चाहिए।

इस अवसर पर भाजपा गुर्जरबर्डीया मंडल प्रतिनिधि जीवन शर्मा, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष दशरथ जाट, अजा मोर्चा मंडल अध्यक्ष बसंतीलाल अहिरवार, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष कुसुम नागर, युवा मोर्चा मंडल महामंत्री विशाल पाटीदार, ग्राम पंचायत सरपंच प्रतिनिधि शांतिलाल गुर्जर सहित स्कूल स्टाफ व विद्यार्थिगण उपस्थित थे। इसी प्रकार भाजपा मगरा माताजी मंडल द्वारा भाजपा जिला मंत्री नरेन्द्र पाटीदार ओर मंडल अध्यक्ष गोपाल पाटीदार की गरिमामय उपस्थिति में शासकीय उमावि अमलावद में संविधान गौरव दिवस अंतर्गत प्रश्न उत्तरीय एवं निबंध प्रतियोगिता में भाग लिया। इसी प्रकार भाजपा मंडल भानपुरा द्वारा शा. कन्या शाला भानपुरा एवं भैसोदा मंडल में शा. उ.मा.वि. भैसोदा में भाजयुमो जिलाध्यक्ष सुनील पटेल एवं मंडल अध्यक्ष आदित्य मंगरोलिया व उमेश पाटीदार की गरिमामय उपस्थिति में संविधान गौरव अभियान स्कूल के बच्चों के बीच मनाया गया। इसी प्रकार मेलखेडा मंडल में भाजपा मंडल अध्यक्ष महेन्द्र पहाडिया एवं जिला प्रतिनिधि राजमल सुरावत ने स्कूल बच्चों के बीच जाकर संविधान गौरव अभियान मनाया। इसी प्रकार भाजपा धुंधडका में ग्राम धमनार के शा.हा.स्कूल में मंडल अध्यक्ष राजेश धाकड और वरिष्ठ भाजपा नेता रामेश्वर पपोंडिया, पुष्कर बैरागी आदि की उपस्थिति में संविधान गौरव अभियान मनाया गया। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी निलेश जैन दी।

## टाउन हॉल नीमच में गणतंत्र दिवस पर भारत पर्व का आयोजन

**नीमच, 23 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** लोकतंत्र का उत्सव भारत पर्व का आयोजन 26 जनवरी 2025 की संध्यॉं पर नीमच के टाउन हॉल में किया जा रहा है। भारत पर्व में संस्कृति विभाग, स्वराज संस्थॉन संचालनालय के कलाकार श्री तापस कुमार गुहा भोपाल के पांच सदस्यीय दल द्वारा देश भक्तिगीत एवं उज्जैन की लोक नृतक सुश्री स्नेहा गेहलोद के 6 सदस्यींय कलाकारों के दल द्वारा लोक नृत्य की प्रस्तुति दी जावेगी। साथ ही, स्थानीय कलाकार एवं छात्र-छात्राओं द्वारा भी देश भक्ति पूर्ण कार्यक्रम प्रस्तुत किये जायेगें। लोक गीत एवं स्थानीय लोक कलाओं का प्रदर्शन भी भारत पर्व में किया जाएगा।

जिला पंचायत सीईओ श्री अरविंद डामोर ने सभी विभागों के अधिकारियों से अपने स्टाफ के साथ समारोह में उपस्थित होने का आगृह किया है। उन्होंगने जिले के नागरिकों से भी इस भारत पर्व में उपस्थित होकर लाभ उठाने का आगृह किया है।

## हिंदू हृदय सम्राट बालासाहेब ठाकरे की जन्म जयंती शिवसेना द्वारा...

# शिवना मैया के घाटों पर श्रमदान व जल सत्याग्रह कर मनाई

**मंदसौर, 23 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे जिला मंदसौर मध्यप्रदेश द्वारा हिंदू हृदय सम्राट सर सेनापति शिवसेना संस्थापक बाला साहेब ठाकरे की जन्म जयंती प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी मंदसौर जिला मुख्यालय पर बड़ी धूमधाम से मनाई गई जहां पर बाला साहब ठाकरे जी के चित्र पर पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर सभी शिव सैनिकों ने आशीर्वाद प्राप्त लिया संगठनात्मक बैठक कर होने के बाद शिवना मैया के घाटों पर श्रमदान किया गया शिवना मैया में जो गंदगी का साम्राज्य फैला हुआ उसे गंदगी के साम्राज्य को खत्म करने के लिए वह प्रतिदिन घाटों पर वह नदी की साफ सफाई की व्यवस्था प्रतिदिन सुचारू रूप से हो, इसके लिए शिव सैनी को द्वारा शिवना मैया नदी के अंदर राज्य प्रमुख सुनील शर्मा, द्वारा जल सत्याग्रह भी



किया गया, उसके बाद कलेक्टर महोदया के नाम तहसीलदार महोदय को ज्ञापन दिया गया ,,और अगर जल्द हमारी मांगों का निराकरण नहीं होता है ,हमारी मांगे नहीं मानी जाती है, तो शिवसेना इस के बाद उग्र आंदोलन करेगी, इसकी सारी जिम्मेदारी शासन प्रशासन व नगरीय प्रशासन की रहेगी ,इस मौके पर शिवसेना राज्य प्रमुख सुनील शर्मा शिवसेना कार्यकारी राज्य प्रमुख नाहर सिंह गौड़ शिवसेना उपराज्य प्रमुख रघुवीर दास बैरागी शिवसेना महिला आघाडी सेना उपराज्य प्रमुख श्यामा देवी नायक शिवसेना जिला प्रमुख लाल सिंह सिसोदिया शिवसेना जिला संपर्क प्रमुख केशु राम बैरागी महिला जिला प्रमुख किरण दुबे , शिवसेना जिला प्रभारी शुभम सिंह कच्छावा ,युवा शिवसेना जिला प्रभारी दीपक जोशी , जसवंत, बंटी कुमावत, कमल सिंह डोडिया, महेश शर्मा रवि राठौड़ सहित सैकड़ो पदाधिकारी मातृशक्ति शिव सेनिक उपस्थित थे , यह जानकारी जिला मिडिया प्रभारी कुलदीप सिंह गौड़ ने दी।

# कलयुगी प्रेम, संस्कारों पर विपरीत प्रभाव डाल रहा है- पं.शास्त्री


**मंदसौर, 23 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** प्रेम साधना है प्रेम आराधना है प्रेम की परिभाषा समझना कलयुग की लोगों के लिए मुश्किल है क्योंकि कलयुग में प्रेम रूपी वासनाएं परिवारों और समाज मे विकृति पैदा कर रही है। प्रेम वियोग का दूसरा नाम है, गोपिया साधारण जीव नहीं थी कृष्ण गोपियों के प्रेम थे जिसमें कोई भी कामवासना नहीं थी केवल साधना आराधना और याचना थी। कलयुगी प्रेम संस्कारों पर विपरीत भाव डाल रहा है।



उक्त बात भागवत कथा के दौरान दौरान पंडित जगदीश शास्त्री ने स्वामीनारायण मंदिर द्वारका में कहीं। शास्त्री जी ने कहा कि कली काल में युवा पद भ्रष्ट हो रहे हैं आजकल संचार संस्कृति ने बच्चों को जवान बना दिया। इस क्रांति का सदुपयोग ना करके दुरुपयोग करना ही भारतीय संस्कृति और संस्कारों को बर्बाद करना है। आपने कहा कि विदर्भ के राजा भिष्मक की बेटी रुक्मणी की शादी द्वारकाधीश से करने की इच्छा थी परंतु बेटे रूकमी द्वारा विरोध और कटु शब्द कहने से पिता भिष्मक ने कहा कि ये घोड़ा और ये मैदान जो मर्जी हो करो। परिवार मे बेटे अगर पिता के सामने बोलते हो तो माता-पिता बुजुर्ग को नहीं बोलना चाहिए। दुखी रुक्मणी ने प्रेम भाव की पाती द्वारकाधीश को भेजी और कन्हैया ने भक्ति के भाव को समझा और उन्हें सम्मान दिया और विवाह किया। शास्त्री जी ने कहा कि अभिमानी व्यक्ति परमात्मा से दूर ही रहता है। परमात्मा की प्राप्ति तो निर्मल, पवित्र और स्वच्छ मन से ही की जाती है परमात्मा को धन दौलत नहीं भाव का भूखा है। माता-पिता गुरु का आदर करना और संस्कार और संस्कृति के मार्ग पर चलना ही मनुष्य जीवन का ध्येय होना चाहिए। कथा विश्राम पश्चात महाआरती कर प्रसादी वितरित की गई। इस अवसर पर मंदसौर जिले से गये भेरूलाल भालोट, रणछोड़लाल कुमावत, गणपतलाल नायरा, मदनलाल तेजपुरिया, गोपाल धनगर, भेरूलाल मसानिया, शंकरलाल माली, मांगीलाल चौधरी, रमेशचंद्र कुमावत, बद्रीलाल भालोट, रमेश राठौड़, देवीलाल कुमावत, गोवर्धनलाल कुचरोद सहित अनेक धर्मालुजन उपस्थित थे।

## पवित्र नगरी में शराबबंदी की घोषणा का पूर्व विधायक ने किया स्वागत, माना आभार

**मंदसौर, 23 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** मध्य प्रदेश के 16 धार्मिक जिलों के साथ भगवान पशुपतिनाथ की पवित्र नगरी मंदसौर में मध्य प्रदेश सरकार के मुखिया डॉ मोहन यादव ने शराबबंदी किए जाने की घोषणा की है जिसका मंदसौर के पूर्व विधायक और भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता यशपाल सिंह सिसोदिया ने स्वागत किया और इस महत्वपूर्ण निर्णय पर तात्कालिक मुख्यमंत्री और वर्तमान केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा का आभार व्यक्त किया है।



पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया ने कहा कि मंदसौर का ऐतिहासिक और पुरातन महत्व है मंदसौर में ही अष्टमूर्ति भगवान पशुपतिनाथ विराजते हैं। मंदसौर के राजा भगवान पशुपतिनाथ है इस प्राचीन नगरी को पवित्र शहर घोषित करने के लिए लगातार प्रयास किया जिसके परिणाम स्वरूप 9 दिसंबर 2011 को मध्य प्रदेश के तात्कालिक मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राजाधिराज भगवान पशुपतिनाथ की नगरी मंदसौर को पवित्र नगरी घोषित किया था। अब मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने प्रदेश के 16 धार्मिक महत्व के जिलों को शराब मुक्त करने का निर्णय लिया गया है पवित्र नगरी मंदसौर भी इसमे सम्मिलित है। मुख्यमंत्री के इस निर्णय से अब मंदसौर में भी शराबबंदी लागू होगी और और पवित्र शहर मंदसौर धार्मिक नगरी के रूप में विकसित होगा इसके साथ ही यहां धार्मिक पर्यटन भी बढ़ेगा। श्री सिसोदिया ने पुन: आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पवित्र नगरी मंदसौर में भगवान पशुपतिनाथ का लोक भी बन रहा है। शराबबंदी किये जाने से आने वाले समय में शहर और समृद्ध और विकसित बनेगा।

## आयुष्मान कार्ड अभियान को लेकर एसडीएम एवं सीएमओ ने उषा कार्यकर्ताओं की बैठक ली



**मंदसौर, 23 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव के निर्देश अनुसार प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी आयुष्मान कार्ड योजना का लाभ 70 वर्षों से अधिक आयु वर्ग के बुजुर्ग को भी प्राप्त हो इसके लिए मध्यप्रदेश शासन के द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है इस अभियान की प्रगति को लेकर कल नगरपालिका सभागृह में मंदसौर नगर की सभी 40 वार्डों की उषा कार्यकर्ताओं व आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण बैठक हुई , इस बैठक में एसडीएम श्री शिवलाल शाक्य एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्री सुधीर कुमार सिंह ने पहुंचकर उनकी बैठक ली और अभियान की प्रगति को लेकर समीक्षा की , बैठक में मंदसौर जिला आयुष्मान नोडल अधिकारी श्री सतीश गौड, महेंद्र पंवार, सहायक पृथ्वीराज चौहान नगरपालिका स्वास्थ्य अधिकारी हेमचंद शर्मा ,सीटी मिशन मैनेजर अजय शर्मा भी उपस्थित थे बैठक में श्री शाक्य व सुधीर कुमार सिंह ने सभी उषा कार्यकर्ताओं को इस अभियान में जुड़ने का आह्वान किया और कहा कि 26 जनवरी के पूर्व नगर में आयुष्मान कार्ड बनाने का जो लक्ष्य है , उसे पूरा करें।

## कुए में गिरने से किसान की मौत

**पिपलियामंडी, 23 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** गांव सोकडी में बही पारसनाथ मार्ग पर सिंचाई के लिए मोटर चालू करने गए किसान की कुए में गिरने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार गांव सोकडी निवासी सुखलाल (45) पिता प्रभुलाल बावरी गुरुवार सुबह खेत की सिंचाई के लिए विद्युत मोटर चालू करने गया था, इसी दौरान कुए में गिर गया। सूचना पर पुलिस पहुंची सुखलाल को बाहर निकलवाया व अस्पताल भेजा, जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। पिपलियामंडी टीआई विक्रमसिंह इवने ने बताया प्रारंभिक तौर पर कुए में गिरकर डूबने से मौत होना सामने आया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

## युवक ने फांसी लगाई, मौत

**नीमच, 23 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** शहर के बघाना थाना क्षेत्र के ग्राम दुदरसी में रात में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मिली जानकारी के अनुसार जीवन पिता विनोद नायक उम्र 25 वर्ष ने अपने घर में फांसी लगा ली। आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरु की है।

# सामुदायिक सहभागिता से ही सतत विकास के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है-मालवीय

**मप्र जनअभियान परिषद का परामर्शदाताओं का प्रशिक्षण परीक्षा के साथ समापन**

**मंदसौर, 23 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** सतत विकास के 17 लक्ष्यो को हासिल करने के लिए सामुदायिक सहभागिता आवश्यक है। निरंतर प्रशिक्षण से ही परामर्शदाता के काम करने में निखार आता है। आदर्श ग्राम को लेकर जो परिकल्पना मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद ने की है, उसको साकार करने में आपकी अहम भागीदारी रहेगी। उक्त विचार संभाग समन्वयक श्री शिवप्रसाद मालवीय ने मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के दो दिवसीय प्रशिक्षण के समापन अवसर पर व्यक्त किये। प्रशिक्षण में जिला समन्वय तृप्ती वैरागी , विकासखंड समन्वयक नारायणसिंह निनामा एवं श्रीमती अर्चना भट्टने परामर्शदाताओं की भूमिका के साथ ही मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता



विकास पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों द्वारा प्रयोगशाला के गांव में की जाने वाली समस्त गतिविधियों को विस्तार से बताया। इसके साथ ही प्रयोगशाला के गांव में कौन-कौन से कार्य विद्यार्थियों द्वारा किया जाना है उसके बारे में विस्तृत जानकारी दी। प्रशिक्षण का सफल संचालन विकासखंड समन्वयक अर्चना भट्टने किया । अंत मे आभार विकासखंड समन्वयक नारायणसिंह निनामा ने माना। प्रशिक्षण के अंत में सभी प्रतिभागियों से परीक्षा ली गई। साथ ही अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किये गये। प्रशिक्षण के दौरान पीआरए की गतिविधि कर सभी प्रतिभागियों को सघन सामुदायिक सहभागीता के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर अर्चना रामावत,दशरथ नायक, राजू प्रजापत विशेष उपस्थित थे। इस अवसर पर जिले के 25 परामर्शदाता उपस्थित थे। यह जानकारी परामर्शदाता हरिओम गंधर्व ने दी।

## कालिदास साहित्य पर हुई शोध संगोष्ठी में 15 विद्वानों ने आलेखों का वाचन किया



**मंदसौर, 23 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** कालिदास प्रसंग के अंतर्गत कुशाभाऊ ठाकरे ऑडिटोरियम में कविकुलगुरु महाकवि कालिदास के साहित्य से जुड़े विविध विषयों पर शोध संगोष्ठी हुई जिसमें विद्वानों ने अपने शोध आलेखों का वाचन किया। कालिदास संस्कृत अकादमी उज्जैन के पूर्व प्रभारी निदेशक डॉ.संतोष पंड्या के मुख्य आतिथ्य ओर डॉ.संगीता मेहता इंदौर, की अध्यक्षता में संगोष्ठी सम्पन्न हुई। सर्व श्री डॉ.सोनिया नाग भोपाल डॉ. उमाशंकर पुरोहित इंदौर, डॉ. सुरेश चतुर्वेदी इंदौर, श्री मुकेश चंद्र भाला उज्जैन,डॉ. केआर सूर्यवंशी डॉ वीणा सिंह डॉ सीमा जैन डॉ. गोरा श्री नरेंद्र त्रिवेदी श्री नंदकिशोर राठोर डॉ. संगीता सिंह रावत डॉ.दिनेश तिवारी डॉ अनिल कुमार आर्य आदि ने शोध आलेखों का वाचन किया। कार्यक्रम प्रभारी अनिल कुमार बारोड, संयोजक ब्रजेश जोशी, वरिष्ठ पत्रकार डॉ.घनश्याम बटवाल आदि ने अतिथि विद्वानों का स्वागत किया।

## जलजीवन मिशन अंतर्गत प्रचार रथ को दिखाई हरी झंडी

**मंदसौर, 23 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** जल जीवन मिशन के अंतर्गत आज दिनांक 23/1/2025 को परियोजना क्रियान्वयन इकाई नीमच के मन्दसौर मल्हारगढ ब्लॉक में गांधी सागर 2 समूह जल प्रदाय के व्रहद प्रचार प्रसार के लिए भाजपा जिला अध्यक्ष श्री राजेश जी दीक्षित,जनपद पंचायत मन्दसौर अध्यक्ष श्री बसन्त जी शर्मा,मन्दसौर दक्षिण मण्डल अध्यक्ष श्री विनोद जी डगवार द्वारा जनपद पंचायत मन्दसौर से प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया जो योजनातंर्गत गाँवों में 2 से 3 माह तक भ्रमण करेगा कार्यक्रम में जल निगम पीआईयू नीमच से श्री दिनेश जी उपाध्याय (प्रबन्धक जन सहभागिता), परियोजना प्रबन्धक महोदया सुश्री यशस्वी जी परियोजना, समन्वयक श्री राजेश जी टिलवानी, जनपद पंचायत स्टॉफ और खडअ की टीम उपस्थित रहीं।

# सविम केशव नगर व अभिनन्दन के भैया बहिनों का संचलन एवं शोभा यात्रा

**मंदसौर, 23 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** सुभाषचन्द्र बोस जयंती के अवसर पर विद्या भारती एवं प्रो. राजेन्द्रसिंह शिक्षण समिति द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर केशव नगर व अभिनन्दन नगर विद्यालय के भैया-बहिनों का नगर में 23 जनवरी को संचलन एवं शोभा यात्रा नगर में निकाली गई जिसमें 8 वाहिनियाँ आकर्षक का केन्द्र रही।

संचलन का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा किया गया संचलन में मुख्य अतिथि मंदसौर विभाग समन्वयक श्री राघवेन्द्र



जी देराश्री, विद्यालय संचालन समिति के अध्यक्ष डॉ. श्री रविन्द्रकुमार जी सोहोनी, समिति सदस्य श्री दिनेश जी पालीवाल, श्रीमती पायल जी कियावत विद्यालय के प्राचार्य श्री संतोष यादव, केशव नगर, के प्रधानाचार्य श्री राजपालसिंह जी सिसौदिया, अभिनन्दन नगर विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री मुकेश जी पाठ क भैयाध्बहिन उपस्थित रहे। संचलन में पिरामीड वाहिनी मुख्य आकर्षक का केन्द्र रही साथ ही,दण्ड वाहिनी, कलश वाहिनी, लेजिम वाहिनी, तिरंगा वाहिनी, राम दरबार झॉकी, घोडे पर रानी लक्ष्मी बाई व छत्रपति शिवाजी, बैंण्ड एवं घोष के साथ विद्यालय से नगर के मुख्य मार्ग, सम्राट मार्केट, घण्टा घर, कालाखेत, दयामंदिर रोड़ गांधी चैराहा पर पिरामिड़ प्रदर्शन एवं बस स्टेण्ड बालाजी पर सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। एवं भारत माता चैराहे होते हुए पुन: विद्यालय में समापन हुआ।

## जावद मण्डी में आज से उपजों का क्रय-विक्रय प्रारंभ होगा

**नीमच, 23 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** जावद नगर एवं आस-पास ग्रामीण इलाको में रहने वाले समस्त कृषक बन्धुओं को सूचित किया गया है, कि मंडी समिति जावद के मंडी प्रांगण में कृषि उपज लहसुन एवं अन्य समस्त उपज का क्रय, विक्रय आज 24 जनवरी 2025 शुक्रवार को समय प्रात: 10:15 बजे पर विधायक जावद श्री ओमप्रकाश सखलेचा की उपस्थिति में प्रारम्भ हाने जा रहा है। मण्डीक सचिव ने जावद नगर एवं आस पास के ग्रामीण कृषको से अनुरोध किया है, कि वे अपनी कृषि उपज, जिंस लहसुन एवं अन्य उपज विक्रय हेतु मंडी प्रांगण जावद में लाकर उपस्थित रहे तथा कृषि उपज जिंसो का तौल इलेक्ट्रानिक्स तौल कॉंटों से तौल करवाकर, कृषि उपज उपजो का नगद भुगतान प्राप्त करें।

## नोटिस का परिपालन समय सीमा में करे-सीए जैन

**सीए ब्रांच का आयकर पर सेमिनार सम्पन्न**

**मंदसौर, 23 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** मध्यभारत क्षेत्रीय परिषद कानपुर के तत्वावधान में मंदसौर सीए ब्रांच द्वारा नॉन कारपोरेट करदाता के कर निर्धारण पर एक सेमिनार का आयोजन शाखा परिसर पर किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में सीए दिनेश जैन ने कहा कि समय से हर नोटिस का जवाब अवश्य देवे। आपने कहा कि गैर कम्पनी करदाताओं को अब नये फार्मेट में अपने लाभ हानि खाते व बैलेन्स शीट प्रस्तुत करना होगी। एआई का उपयोग आयकर विभाग कर रहा है। अत: अपनी विवरणी दाखिल करते वक्त सावधानी बरतो। सभी सीए साथियों से आपने कहा कि करदाता के पक्ष को सही से विभाग के समक्ष कार्यवाही के दौरान प्रस्तुत करें। आपने बताया कि आने वाले समय में डायरेक्ट टैक्स कोड आने वाला है। जिससे बहुत सारे परिवर्तन कर प्रणाली में देखने को मिलेंगे।

सीए नयन जैन ने ट्रस्ट व एनजीओ के टैक्सेशन पर चर्चा की, आपने कहा कि सबसे ज्यादा कम्लाइंस आज ट्रस्ट और एन.जी.ओ. को करना है। सार्वजनिक संस्थायें अपना हिसाब-किताब व्यवस्थित रखे तथा कानून का पालन करे, अन्यथा दी जाने वाली छूट खतरे में पड़ सकती है। प्रारंभ में स्वागत भाषण सीपीई कमेटी चैयरमेन वीरेन्द्र जैन ने दिया। आभार सचिव सीए विकास भण्डारी ने माना।

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 10 | 2300 | 2527 |
| उड़द | 22 | 4997 | 6100 |
| सोयाबीन | 4569 | 4081 | 4345 |
| गैहु | 1555 | 2800 | 3268 |
| चना | 43 | 5251 | 6085 |
| मसुर | 22 | 5400 | 6001 |
| धनिया | 472 | 6001 | 7502 |
| लहसुन | 14000 | 3000 | 15000 |
| मैथी | 608 | 4000 | 5639 |
| मुंगफली | 1191 | 3800 | 4774 |
| अलसी | 1136 | 5300 | 6060 |
| सरसो | 245 | 4681 | 5670 |
| तारामीरा | 0000 | 0000 | 0000 |
| इसबगोल | 41 | 8000 | 12700 |
| प्याज | 8000 | 500 | 2151 |
| कलोंजी | 0000 | 0000 | 0000 |
| तुलसी बीज | 3 | 14000 | 15700 |
| डॉलर | 11 | 7500 | 10500 |
| तिल्ली | 21 | 9001 | 10701 |
| जौ | 11 | 2511 | 2661 |
| मटरसुखी | 0000 | 0000 | 0000 |
| असालीया | 92 | 8400 | 10565 |
| चियाबीज | 24 | 14011 | 15981 |



## कन्या महाविद्यालय में सुभाषचंद्र बोस जयंती मनाई

**मंदसौर, 23 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** शासकीय कन्या महाविद्यालय, मंदसौर के प्राचार्य डा.सुधीर रायजादा ने बताया कि स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन के अंतर्गत नेताजी सुभाषचन्द्र बोस जयन्ती मनाई गई। मुख्य वक्ता डा.पी.एल.पाटीदार ने अपने नेताजी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका जन्म एक बंगाली परिवार 23 जनवरी 1897 को हुआ था। उनकी स्वतंत्रता आंदोलन के भागीदारी सविनय अवज्ञा आंदोलन से जुडकर हुई। उन्होने आजाद हिन्द फौज का गठन किया और द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान जर्मनी एवं जापान की सेनाओं का सहयोग लेकर अंग्रेजी शासन के विरूद्ध मोर्चा खोल दिया और देश की युवा पीढ़ी से आव्हान किया कि आप मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूँगा। इस आव्हान से देश के युवा जोश एवं उत्साह से भर गये एवं नेताजी की हिन्द फौज से जुड़ते गए। हिन्द फौज में पुरूषों के साथ-साथ महिला कमाण्डर भी थीं। आपने 21 अक्टूबर 1943 को अंतरिम सरकार का गठन कर आजादी के संकल्प को पूरा किया। इस अवसर पर ईको क्लब ईकाई द्वारा विश्व वैटलेण्ड पखवाडे के तहत पर्यावरण में आर्द भूमि की भूमिका एवं महत्व को दृष्टिगत रखते हुए उसके संरक्षण के लिए जागरूक करने हेतु महाविद्यालय में वैटलेण्ड मित्र बनने की वरिष्ठ प्राध्यापक डा.पी.एल.पाटीदार द्वारा शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का संचालन डा.अनुराग आर्य एवं संयोजन प्रो.नौरीन कुरैशी द्वारा किया गया। इस अवसर पर स्टाफ एवं 50 से अधिक छात्रायें उपस्थित रही।

# वन परिक्षेत्र रामपुरा के पिलखेड़ी में अनुभूति कार्यक्रम सम्पन्न

**नीमच, 23 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** मध्यप्रदेश शासन वन विभाग के वन परिक्षेत्र रामपुरा द्वारा बीट पिलखेडी के चारभुजा में अनुभूति कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पी.एम. श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय के कुल 125 बच्चों ने भाग लिया। विद्यार्थियों को वन एवं वन्य प्राणी तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति अनुभूति कराकर उनके संरक्षण के लिए जागरूक किया गया। वन विभाग एवं विभागीय अधिकारियों के कार्यों, उत्तरदायित्व एवं चुनौतियों से विद्यार्थियों को वन परिक्षेत्र अधिकारी रामपुरा श्री भानुप्रतापसिंह सौलंकी ने अवगत कराया। मध्यप्रदेश के वनों में पाई



जाने वाली वनस्पति के बारे में रोचक जानकारी तथा उनके दैनिक जीवन में उपयोगी जानकारी, वन एवं वन्य प्राणियों पक्षियों के बारे में जानकारी, इको सिस्टम वन्यप्राणीयों की खाद्य श्रृखंला के बारे में जानकारी दी गई। वन विभाग में कराए जाने वाले कार्या वृक्षारोपण डबरा डबरी, चेकडेम, मृदा संरक्षण से संबंधित होने वाले कार्यों से अवगत कराया गया।

कार्यक्रम में उपवनमण्डलाधिकारी श्री दशरथ अखण्ड ने कपड़े के थैला बनाने के बारे में बताया। विद्यार्थीयों को वनविभाग के पदो कार्यशैली व विभाग में चयन प्रक्रिया के बारे में भी जानकारी दी गई। मास्टर ट्रेनर श्री शुभम पुरोहित ने मिशन लाइफ एवं विभिन्न प्रकार की वनस्पतियों के बारे में बताया। एन.जी.ओ. लास्ट विल्डरनेस फाउन्डेशन के श्री हिमांशु राठौर ने सांपों के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में सामान्य ज्ञान की परीक्षा का भी आयोजन किया गया, जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय आने वाले विद्यार्थियों को उपस्थित अधिकारी कर्मचारी एवं शिक्षको द्वारा प्रशंसा पत्र एवं प्रोत्साहन स्वरूप उपहार भेंटकर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के अंत में उपवनमण्डलाधिकारी श्री दशरथ अखण्ड ने सभी को पर्यावरण अनुकूल जीवन शैली अपनाने की शपथ दिलाई।





# सतत विकास लक्ष्यों को हासिल करने में मप्र प्रतिबद्ध-उप मुख्यमंत्री

## निगरानी ढांचे, पर्यावरणीय आंकड़ों के संकलन, जेंडर सांख्यिकी पर क्षमता निर्माण कार्यशाला सम्पन्न

**मंदसौर, 23 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने सतत् विकास लक्ष्यों को हासिल करने में मध्यप्रदेश की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास' के मूल विकास दर्शन से प्रेरित होकर विभिन्न सामाजिक विकास योजनाएँ लागू की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि जिला और विकास खंड स्तर पर अब विकास के लक्ष्यों पर निगरानी रखने पर ध्यान दिया गया है।

उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा सतत् विकास के लक्ष्यों के लिए निगरानी ढांचे, पर्यावरणीय आंकड़ों के संकलन और लिंग सांख्यिकी पर आयोजित क्षमता निर्माण पर कुशाभाऊठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में दो दिवसीय कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। कार्यशाला का आयोजन केन्द्रीय सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय और मप्र राज्य नीति आयोग द्वारा किया गया है। उन्होंने कहा कि पर्यावरणीय संतुलन के बिना विकास अधूरा है। विकास के लक्ष्य तय करने और उन्हें हासिल करने के लिए आंकड़ों की शुद्धता आवश्यक है। उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने कहा कि सतत विकास के लक्ष्यों को हासिल करने के लिए सबके समन्वित प्रयासों की आवश्यकता है। यूएन रीजनल कोऑर्डिनेटर श्री शोम्बी शार्प, ने कहा कि भारत द्वारा सतत विकास के लक्ष्यों को हासिल करने की गति से यह आंकलन होगा कि दुनिया के अन्य देश कितनी जल्दी इन लक्ष्यों को हासिल कर पायेंगे। विकास के लिए शुद्ध आंकड़े सबसे महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि यूएन और मध्यप्रदेश और केन्द्रीय सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय के साथ त्रिपक्षीय समझौतों के साथ आगे बढ़ने की कोशिश हो रही है। इसमें पांच संगठन शामिल हैं – यूनीसेफ, यूनीडो, यूएनएफपीए, यूएन वूमन और यूएनडीपी। उन्होंने कहा कि सतत् विकास के लक्ष्यों को हासिल करने की गति को और तेज करने की आवश्यकता है। मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन ने कहा कि विकास प्रक्रियाओं से संबंधित आंकड़ों का समय पर संकलन सबसे जरूरी है। इसके अलावा उनके बदलाव पर सतत निगरानी रखना और उनका समय समय पर विश्लेषण करना आवश्यक है। इससे नीति निर्माण प्रक्रिया न सिर्फ आसान बल्कि प्रभावी होगी। उन्होंने कहा कि 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास' की मूल भावना नीति निर्माण प्रक्रिया का केन्द्र बिन्दु है। उन्होंने केन्द्र और राज्य की सर्वोच्च प्राथमिकता वाली योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि योजनाओं का सम्पूर्ण क्रियान्वयन होना चाहिए तभी अपेक्षित परिणाम मिलते हैं। मुख्य सचिव ने विकास की दृष्टि से पिछड़ रहे जिलों और विकास खंडों पर विशेष ध्यान देने की जरूरत बताई। उन्होंने कहा कि आंकड़ों का एकीकरण उतना ही जरूरी है जितना सही समय पर संकलन। उन्होंने विकास के प्रयासों की प्रगति का आंकलन करने के लिए भी संकेतकों का विकास करने की आवश्यकता बताई। इसके अलावा मध्यप्रदेश जैसे प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध राज्यों के डेटा विश्लेषण और सामाजिक ढांचे के अनुसार बालिकाओं के सामाजिक आर्थिक और शैक्षणिक अधिकारों पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। मुख्य सचिव श्री जैन ने कहा कि भोपाल देश का पहला शहर है, जिससे टाइगर रिजर्व जुड़ा हुआ है। उन्होंने भोपाल की झील, वन विहार और विश्व धरोहर का उल्लेख करते हुए अतिथियों से कहा इन स्थानों का भ्रमण जरूर करें।

प्रमुख सचिव योजना श्री संजय शुक्ला ने कहा कि मध्यप्रदेश वन और जैव विविधता में सबसे समृद्ध राज्य है। बहुत से आरक्षित क्षेत्र हैं। मध्यप्रदेश वन अधिकारों के लिए काम कर रहा है। महिलाओं के सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए कई नीतिगत निर्णय ले रहा है और लिंग आधारित बजट बना रहा है। किसी व्यक्ति के लिए उपचार महत्वपूर्ण है, वैसे ही राज्य की प्रगति पर विभिन्न संकेतकों के माध्यम से निगरानी आवश्यक है। अन्य राज्यों से सीखना भी महत्वपूर्ण है। हमें ऐसे उपकरणों को विकसित करने की आवश्यकता है जो संकेतकों को वास्तविक समय में माप सकें। केन्द्रीय सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय के सचिव डॉ. सौरभ गर्ग ने बताया कि देश के आर्थिक स्वास्थ्य को दिखाने के लिए आवश्यक सूचकांक प्रदान करता है, जो सामाजिक-आर्थिक नीतियों और बजट के विकास में मदद करता है। आंकड़ों पर आधारित निर्णय लेने, सटीकता में सुधार और सांख्यिकीय अनुमान में प्रौद्योगिकी के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए काम किया जा रहा है। जिला और शहर स्तर पर भी आंकड़ों की तैयारी की जा रही है। जिला स्तर पर अनुमान राज्यों के साथ साझेदारी में तैयार किए जा सकते हैं। यह ग्रैन्युलर डेटा आधारित निर्णय लेने में सहायक होगा। डीजी (केंद्रीय सांख्यिकी) श्री एन के संतोषी ने अतिथियों और विभिन्न राज्यों से आए प्रतिभागियों का स्वागत किया। एडीजी श्री एस.सी. मलिक ने प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

# बजट संवाद में विषय-विशेषज्ञों से प्राप्त सुझावों को बजट में किया जायेगा शामिल-देवड़ा

**नीमच, 23 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने कहा है कि विभिन्न क्षेत्रों के विषय-विशेषज्ञों एवं हितधारकों द्वारा मध्यप्रदेश बजट 2025-26 से प्राप्त सुझावों को बजट में शामिल किया जायेगा। उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने आरसीव्हीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी में बजट संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का संकल्प वर्ष 2047 तक भारत को विश्व में विकसित राष्ट्र के रूप में नम्बर वन पर लाना है। उन्होंने कहा कि आने वाले 25 वर्षों में हमारा देश विश्व गुरु के रूप में स्थापित हो, यह बजट संवाद उसी कड़ी का हिस्सा है। उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने कहा कि हमारा देश विश्व में विकसित ही नहीं, बल्कि आर्थिक रूप से भी मजबूत बनेगा।

उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने कहा कि बजट पर संवाद कार्यक्रम में उपस्थित विषय-विशेषज्ञों ने अपने प्रस्तुतिकरण में कई सुझाव दिये हैं, जिससे कई क्षेत्रों में और काम करने की गुंजाइश है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार का वर्ष 2025-26 का बजट बेहतर और जनोपयोगी होगा। उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने विषय-विशेषज्ञों से कहा कि आप सभी से बजट के संबंध में मार्गदर्शन लिया है। उन्होंने कहा कि लिखित में भी आप अपने सुझाव दे सकते हैं। उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने कहा कि यह बड़ा संयोग है कि आज स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती है, दो दिनों बाद गणतंत्र दिवस है और प्रयागराज में कुंभ चल रहा है, ऐसे समय में हम प्रदेश के बजट पर संवाद कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि निश्चित ही यह संवाद हम सबके लिये दूरगामी सकारात्मक परिणामों को सार्थक करने का कदम साबित होगा। बजट संवाद में नाबार्ड के उप महाप्रबंधक श्री सुशील कुमार ने किसानों की सुविधा के लिये मंडियों को ग्रामीण आबादी के नजदीक लाने का सुझाव दिया। मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक के चेयरमेन श्री आर.सी. बेहरा ने ऑर्गेनिक फार्मिंग को बढ़ावा देने के लिये बजट में प्रावधान करने के लिये कहा। सरपंच सुश्री भक्ति शर्मा ने महिला स्वास्थ्य, कानूनी सहायता, बेहतर इन्फ्रा-स्ट्रक्चर और स्टार्ट-अप को बढ़ावा देने की बात कही। युवा किसान प्रतीक पाटीदार भोपाल ने खेती को बढ़ावा देने का सुझाव दिया। किसान श्री जितेन्द्र सिंह रायसेन ने बाँस के लिये बाजार व्यवस्था पर प्रकाश डाला। फिल्म प्रोड्यूसर श्री नरेन कुमार ने सुझाव दिया कि मध्यप्रदेश में स्थानीय व्यवस्था मुहैया होगी तो वॉलीवुड के लिये काम करने में आसानी होगी। ग्राहक पंचायत के श्री अलंकार वशिष्ठ ने खाद्य पदार्थों की जाँच सुविधा सुदृढ़ करने का सुझाव दिया।

सचिव वित्त श्री लोकेश जाटव ने कहा कि हम बजट को अंतिम रूप दे रहे हैं। इस बजट में नये आयाम देखने को मिलेंगे। उन्होंने कहा कि बजट पर संवाद कार्यक्रम में युवा और अनुभव की शक्ति हमें देखने को मिली है। आपके सुझावों को बजट में जगह मिलेगी। प्रमुख सचिव वित्त श्री मनीष रस्तोगी, अपर सचिव श्री रोहित सिंह, वित्त विभाग के अधिकारी, विषय-विशेषज्ञ और हितधारक उपस्थित रहे। संचालक बजट तन्वी सुन्द्रीयाल द्वारा बजट संवाद में विभिन्न क्षेत्रों के विषय-विशेषज्ञों एवं हितधारकों द्वारा मध्यप्रदेश बजट 2025-26 को बेहतर और जनोपयोगी बनाने के लिये विचार एवं वक्तव्य पर केन्द्रित कार्यक्रम का शुभारंभ प्रस्तुतिकरण दिया। बजट संवाद में केन्द्रीय वित्त आयोग नई दिल्ली, यूनिसेफ इण्डिया नई दिल्ली, भारतीय स्टेट बैंक भोपाल, मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक इंदौर, नाबार्ड, लघु उद्योग भारती, मध्यप्रदेश गोविंदपुरा औद्योगिक एसोसिएशन भोपाल, सीआईआई, फिल्म उद्योग, ग्राहक पंचायत, किसान, बाँस उत्पाद, चार्टर्ड अकाउंटेंट, विभिन्न संस्थानों के प्रतिनिधि और विषय-विशेषज्ञ शामिल हुए।

## मनासा में विधायक मारू की अध्यक्षता में जनसंवाद कार्यक्रम सम्पन्न



**नीमच, 23 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** मनासा विधायक श्री अनिरुद्ध माधव मारु की अध्यक्षता में मनासा में गुरूवार को जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में पंचायत आवास प्लस 2024 सर्वे के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। जनसंवाद में एसडीएम श्री पवन बारिया एवं अन्यस अधिकारी, नगर परिषद मनासा, कुकड़ेश्वर एवं रामपुरा के जनप्रतिनिधि, पार्षदगण एवं पंचायतों के सरपंच एवं सचिव उपस्थित थे।

## बिना डोर की पतंग मत उड़ाना, जिम्मेदार के हाथ में डोर होना चाहिए-प.नागर



**सुवासरा, 23 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** श्री चिंतामन गणेश मंदिर किशोरपुरा की पावन धरती पर एवं श्री गोपाल कृष्ण गोपाल शाला के निकट श्रीमद् भागवत कथा का समापन अवसर पर सरस्वती के व्ररद पुत्र पंडित कमल किशोर जी नागर ने कथा का रसपान करवाते हुए सातवें दिन श्रोताओं ध्यान कथा के अंतिम मोड पर लाकर निवेदन किया भगवान से प्रार्थना करना हे प्रभु जीवन की डोर को तेरे हाथ में रखना।

परमात्मा आपका हाथ कब छोड़ते हैं? उत्तर देते हुए कहा जब हम पांव छोड देते हैं जो लोग पांव छोड़ रहे हैं वह सजा की ओर जा रहे हैं कथा यह, संदेश देती है कभी थोड़ा रूपया आ जावे तो पांव मत छोड़ना भिखारी का उदाहरण देते हुए पंडित नागर ने कहा, जब एक भिखारी एक गांव भिक्षा वृत्ति करने गया और दोनों आंखों से अंधा था तब एक मंदिर के सामने जाकर खड़ा हो गया तब किसी सज्जन से पूछा यहां भिक्षा मिल जाएगी तब सज्जन ने उत्तर दिया यहां मंदिर है यहां कौन भिक्षा देगा आगे जाओ तब भिखारी रठ, पकड़ ली। राम राम कहते पूरा रात बिताई और सुबह हो गई तब वहां कोई सज्जन आया और उसकी परीक्षा करी कि यह कोई ना कोई पहुंचा हुआ पुरुष है उसके बाद उसके हाल-चाल पूछे थोड़ी देर बाद उसके कई हाल-चाल पूछने के लोग आने लगे तब थोड़ी देर में वहां मिठाई वह कई प्रकार के पकवान का डेर हो गया लोगों ने जाना अचंबा हुआ। की है तो कोई ना कोई पहुंची हुई आत्मा है तब तब भिखारी ने कहा हमें पेर नहीं छोड़ना चाहिए और डोर जिम्मेदार के हाथ में देना चाहिए। मां का दूध और कथा अमृत है जो काटना है उसे काटो कुल्हाडी पत्थर पर मत चलाओ। नहीं तो पाना टूट जाएगा पंडित नारायण मोबाइल की ओर इशारा करते हुए कहा जिनकी उम्र नहीं है उनसे, मोबाइल छोड़ोओ उन्हें अच्छे संस्कार दो काम करने वाले कम और कान भरने वाले अधिक है इस युग मे मोबाइल का, नाम मंत्रा रखा है कैकई ने श्री राम का घर बिगाड दिया था। दुख की बात है हम दो हमारे दो इन बुडे माता पिता का आदर करो आशीर्वाद लो बूढ़े मां-बाप से लोगों का ध्यान भटक गया है। पंडित नगर ने कथा की आखिरी मोड़ पर पहनावे व्यंजन गरीबी संघर्ष बचपन पीठ देना नकल ना गौ सेवा करने पर कथा को विराम दिया और शादियों में शुभ एवं मंगल गीत गाने का आग्रह किया ताकि भारतीय संस्कृति जीवित रहे संतों की 84 करोड़ की वाणी है इसे अपनाओ कथा के समापन के आखिरी अवसर पर जय श्री कृष्णा कहकर कथा को विराम दिया यजमान परिवार साधु बात, दिया कहां की फौजी परिवार के कारण सबको कथा, सुनने अवसर प्राप्त हुआ। हमारा सौभाग्य सा दिन से माता बहने एवं क्षत्रिय विधायक हरदीप सिंह डंग सहित अपार् समूह कथा सुनने के लिए कोई पैदल अपने-अपने वाहनों से पंडाल में पहुंचा था।

### घर के बाहर बीड़ी पीने पर वृद्ध को पीटा, केस दर्ज

**पिपलियामंडी, 23 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** बीड़ी पीने की बात पर वृद्ध के साथ मारपीट के मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया। पालसोड़ा निवासी 65 वर्षीय वृद्ध भेरुलाल पिता हेमराज बावरी ने नारायणगढ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि मैं बण्ड पिपलिया सामाजिक कार्यक्रम में गया था। जहां गोर्धन बावरी के घर के यहां रुके, इसी दौरान गोर्धन का बेटा गौरव आया और बोला कि मेरे घर के बाहर बैठकर बीड़ी क्यों पी रहे हो, गाली-गलौज की व लकडी से सिर पर मार दी, जिससे चोंट आई, खून निकलने लगा। पुलिस ने गौरव पर केस दर्ज किया।

### नकदी व जेवर चोरी

**पिपलियामंडी, 23 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** घर का ताला तोड़कर चोर नकदी व जेवर ले उड़े। मल्हारगढ थाने पर जितेन्द्र पिता कैलाशचन्द तम्बोली ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि शाम को परिवार के साथ शादी में भोजन करने गए थे। वापस आए तो मल्हारगढ तहसील रोड़ स्थित मकान का ताला टूटा था। घर के अन्दर आलमारी का लॉक भी टूटा था। अन्दर रखे 6000 रुपए नकदी, चांदी के पायजेब, चुड़ी व अन्य जेवर नही थे। पुलिस ने केस दर्ज किया।

### गणतंत्र दिवस पर शासकीय भवनों पर की जाएगी रोशनी

**मंदसौर, 23 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेश में गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में समस्त शासकीय भवनों एवं ऐतिहासिक स्थलों पर 26 जनवरी 2025 को एक दिन रोशनी की जाएगी। इस संबंध में प्रदेश के समस्त विभाग, विभागाध्यक्ष, संभागीय आयुक्त, कलेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत को निर्देश जारी किये गये हैं।



## खाद्य सुरक्षा टीम ने नयागांव में की जांच, खाद्य पदार्थों के लिए नमूने

**नीमच, 23 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा गुरुवार को नयागांव तह जावद में स्थित 2 फर्म के निरीक्षण किए गए और खाद्य पदार्थ के 2 नमूने लिए गए।. खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री यशवंत कुमार शर्मा ने बताया कि गुरुवार को खाद्य सुरक्षा टीम द्वारा मिलावट से मक्ति अभियान के तहत नयागांव में दूध डेयरी और बीएमसी स्टेशन रोड से एक नमूना मिश्रित दूध का व फर्म श्री अन्नपूर्णा होटल टोल प्लाजा के पास नयागांव से एक नमूना डेलिशियस फैट स्प्रेड पैक के लिए गए। जिनको जांच हेतु भोपाल प्रयोगशाला को भेजा जा रहा है।जांच रिपोर्ट प्रैाप्त होने पर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी इस तरह की कार्यवाही जिले में निरन्तर जारी रहेगी।

## सनावदा में जन कल्याण शिविर सम्पन्न

**पिपलियामंडी, 23 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** गांव सनावदा में मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान के तहत शिविर का हुआ आयोजन पंचायत भवन पर सम्पन्न हुआ। शिविर में शासन की योजनाओं के लाभ से वंचित रह गए हितग्राहियों से ग्रामीणों से आवेदन लिए। पंचायत सचिव दशरथ मालवीय ने बताया शिविर का मुख्य उद्देश्य मुख्यमंत्री जन कल्याण केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में युवा, नारी, किसान, गरीब वर्ग के कल्याण व विकास के लिए जो योजनाएं चलाई है, उन्हें धरातल पर क्रियान्वित करना है। इस अवसर पर सरपंच पपीता आशीष पाटीदार, भरत पाटीदार, राकेश पाटीदार, कमलेश पाटीदार, तंवरसिंह, चन्द्रजीत बोराना, सुन्दरलाल जैन, ईश्वरलाल धनगर, मुकेश धनगर सहित शासकीय विभाग के अधिकारी/कर्मचारी व ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# महाकुंभ स्पेशल ट्रेन बढ़ाने का फैसला, मौनी अमावस्या पर 58 ट्रेनों को रद्द कर खाली कराए जा रहे ट्रैक

**इंदौर, 23 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** मौनी अमावस्या पर महाकुंभ में शाही स्नान होगा। इस दौरान रेलवे ने लंबी दूरी की ट्रेनों को निरस्त करने का फैसला किया। ऐसा प्रयागराज जाने वाली विशेष ट्रेनों के लिए ट्रैक को खाली करने के लिए किया है। बुधवार को आई नई सूची में 29 निरस्त ट्रेनों के नाम हैं। रेलवे की तरफ से 58 ट्रेनों को निरस्त किया गया है। यह रिजर्वेशन कराने वाले यात्रियों के लिए बुरी खबर है, लेकिन प्रयागराज जाने वाली विशेष ट्रेनों की संख्या बढ़ गई है। यह महाकुंभ जाकर संगम स्नान करने का मन बना रहे है श्रद्धालुओं के लिए अच्छी खबर है।

प्रयागराज जंक्शन दिल्ली हावड़ा रूट पर पड़ता है। सबसे ज्यादा ट्रेनें इसी रूट की ही प्रभावित हुई हैं। रेलवे की तरफ से आशंका जताई जा रही है कि और भी ट्रेनों को रद्द किया जा सकता है।

**ये ट्रेनें हुई रद्द**–12311 हावड़ा कालका- 26जनवरी ✻ 12398 नई दिल्ली गया- 30 जनवरी ✻ 20961 उधना बनारस- 28 जनवरी ✻ 15657 दिल्ली कामख्या- 30 जनवरी✻ 12505 कामख्या आनंद विहार टर्मिनल- 27 जनवरी✻ 12487 जोगबनी आनंद विहार टर्मिनल- 30जनवरी✻ 12802 नई दिल्ली पुरी- 30 जनवरी ✻ 12428 आनंद विहार टर्मिनल रीवा- 28 जनवरी ✻ 12368 नई दिल्ली भागलपुर- 30 जनवरी ✻ 22307 हावड़ा बीकानेर- 30 जनवरी ✻ 12815 पुरी आनंद विहार टर्मिनल- 27जनवरी✻ 18309 संबलपुर जम्मू तवी- 25जनवरी ✻ 15483 अलीपुर द्वार जं.दिल्ली- 27जनवरी✻ 22465 मधुपुर आनंद विहार टर्मिनल- 30जनवरी✻ 12397गया नई दिल्ली- 28जनवरी✻ 12367 भागलपुर नई दिल्ली- 28जनवरी✻ 15634 गुवाहाटी बीकानेर- 25जनवरी✻ 12942 आसनसोल भावनगर- 30जनवरी✻ 12397गया नई दिल्ली-दो फरवरी✻ 12367 भागलपुर नई दिल्ली- दो फरवरी✻ 15657 दिल्ली कामख्या- चार फरवरी✻ 12802 नई दिल्ली पुरी- चार फरवरी ✻ 12398 नई दिल्ली गया- चार फरवरी ✻ 12428 आनंद विहार ट. रीवा- दो फरवरी ✻ 12368 नई दिल्ली भागलपुर- चार फरवरी ✻12307 हावड़ा जोधपुर- चार फरवरी ✻ 12505 कामख्या आनंद विहार ट.- एक फरवरी✻ 12311 हावड़ा कालका- 31जनवरी ✻ 15483 अलीपुर द्वार जं. दिल्ली- एक फरवरी

**जीएम-डीआरएम को अधिकतम ट्रेन चलाने का अधिकार**–

✻ रेल राज्यमंत्री वी सोमन्ना ने पत्रकार वार्ता में कहा कि महाकुंभ का हिस्सा बनने के लिए श्रद्धालुओं में गजब की चाह है। ऐसे में उनके लिए विशेष ट्रेन चलाना आवश्यक है, जिससे यात्रियों को किसी भी तरह की दिक्कत महसूस न हो। श्रद्धालुओं के लिए अधिकतम ट्रेन चलाने का पूरा अधिकार जीएम और डीआरएम के पास है। ✻मैंने मौनी अमावस्या की तैयारियों का प्रयागराज जंक्शन पर जाकर निरीक्षण किया। सिटी साइड स्थित मिनी अस्पताल, यात्री आश्रय स्थल, कंट्रोल टावर, रेलवे स्टेशनों की लाइव फुटेज देखी। यहां व्यवस्थाएं काफी अच्छी हैं। थोड़ी बहुत कमियों को ठीक करने के निर्देश दिए हैं।

# जिले में राष्ट्रीय मतदाता दिवस कल मनाया जायेगा

**नीमच, 23 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 25 जनवरी 2025, को मतदाताओं को जागरूक करने एंव प्रजातंत्र में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जिलास्तार व मतदान केन्द्रव स्तचर पर 15 वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस प्रात: 10.30 बजे किया जावेगा। मतदाता दिवस की थीम वोट जैसा कुछ नही, वोट डालेगें हम रहेगी। इस थीम को केन्द्र में रखकर टीव्हीद, रेडियों, सोशल मीडिया पर वेबीनार, सेमीनार, विचार, गोष्ठियां आदि का आयोजन किया जावेगा। साथ ही विभिन्नक शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों के माध्येम से थीम का प्रचार किया जावेगा। जिलास्तिरीय मतदाता दिवस कार्यक्रम जिला पंचायत कार्यालय में मनाया जावेगा। जिसमें उपस्थित सभी अधिकारी-कर्मचारियों को प्रात: 10.30 बजे मतदाता दिवस की सामुहिक शपथ दिलाई जावेगी।

राष्ट्री य मतदाता दिवस के दिन क्विज, रैली, मैराथन दौड, मानव श्रंखला का आयोजन, पेंटिक, पोस्टर, रंगोली, कार्टून, पंतग, ग्रिटिंगकार्ड, केलीग्राफी, बीएलओं कौन, हिन्दीड अंग्रेजी शपथ राईटिंग, स्पो टस प्रतियोगिताएं विभिन्न सार्वजनिक स्थाटनों, मॉल, आदि के नुक्कड नाटक, युवाओं के लिए कार्यक्रम एवं अन्यि संबंधित कार्यक्रमों का आयोजन एवं ग्रामीण हाट बाजारों में प्रचार-प्रसार डोन्डी पिटवाकर करवाया जावेगा। महाविद्यालयीन स्तार पर ईएलसी क्बजा के माध्य म से वेबीनार आयोजित कर राष्ट्री य मतदाता दिवस की थीम वोट जैसा कुछ नही, वोट डालेगें हम पर विचार गोष्ठियां प्रस्तुषत करना तथा ईएलसी क्लवब से संबंधित गतिविधियां करवाकर, राष्ट्री य मतदाता दिवस के दिन किये जाने वाले प्रचार-प्रसार एवं मतदाता दिवस आयोजित कर, उसके फोटो ग्राफ्स भेजेगें। साथ ही ईएलसी क्लाब का एक व्हटस एप ग्रुप क्रिएट कर, भारत निर्वाचन आयोग को ग्रुप में जोडते हुए, फोटोग्राफ्स उस पर भेजने के निर्देश दिए गए है।


**इंदौर के मेडिकल कॉलेज के प्रोफेसर त्वचा रोग विशेष एवं डर्मेटोलेजर सर्जन**

**डॉ. परीक्षित शर्मा**

एम.डी. (स्कीन)

शनिवार दिनांक 25 जनवरी को शाम 5 से रात 8 और रविवार 26 जनवरी को सुबह 9 से दोपहर 2 बजे तक उपलब्ध रहेंगे।

सुविधाएं-✻ चेहरे के कील-मुहासे, चोट व चेहरे के निशान, ऑखों के नीचे कालापन, चेहरे व हाथों का कालापन, ✻ एक्जीमा, सोरियासिस, सफेद दाग का इलाज व सर्जरी, ✻ शरीर पर तिल व मस्सों (Warts) को मशीन द्वारा हटाना, ✻ गर्भावस्था में होने वाले स्ट्रेचमार्क्स की चिकित्सा, ✻ असमय झड़ते बालों का आधुनिक पद्धति से ईलाज, ✻ शरी पर टेटू (गोदना) को मशीन द्वारा हटाना, ✻ लेजर मशीन द्वारा अनचाहे बालों से छुटकारा, ✻ बच्चों व बुजुर्गो की त्वचा संबंधित समस्याएं, ✻ नाखुन में होने वाले रोगों का उपचार, ✻ सौन्दर्य परामर्श (Cosmetic Consultation)

करजूवाला कम्पाउण्ड, पमनानी हॉस्पिटल के पीछे, स्टेशन रोड़, मंदसौर सम्पर्क-9424813088



**VEHICLE AVAILABLE FOR SALE**

| S.no. | Make Model | Registration No. | Engine No. | Chassis No. |
|---|---|---|---|---|
| 1 | TATAACE GOLD -2023 MODEL-PETROL | MP14ZC 8534 | 275MPFI 03HWXSB 2979 | MAT559 034PVH 47584 |

AS IS WHERE IS CONDITION

CONTACT WITHIIN 07 DAYS AT

SUNDARAM FINANCE LTD.

FIRST FLOOR, TIRUPATI PLAZA, STATION ROAD, MANDSAUR (M.P.) 458001

Mob-9425605273, 7880198452, TEL-07422-490102



**राजकुमार गुप्ता, एडव्होकेट**

कार्यालय व निवास-207 तिरूपति नगर, होटल सम्राट के सामने पानी की टंकी के पास स्टेशन रोड, मंदसौर (मप्र)-458001Mobile No-98260-58658 E-Mail-rkguptamds@gmail.com

क्रमांक 94/2025 दिनांक 23.01.2025

**✻✻✻ जाहिर सूचना ✻✻✻**

सर्व साधारण को इस जाहिर सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा मोतीलाल पिता कारूलाल, जाति-गुर्जर, निवासी ग्राम बांसाखेडी, तहसील व जिला-मन्दसौर से आवासीय भूमि सर्वे क्रमांक 318 (बी), भूखंड संख्यांक 23 (पी), पटवारी हल्का नं. 00118, पर दर्ज होकर, पता-ग्राम-बांसाखेडी, तहसील व जिला-मन्दसौर उनके हक और हिस्से का स्वत्व: त्याग विधिवत रजिस्टर्ड, स्वत्य त्याग विलेख ई-पंजीकरण क्र. MP15IGR17852025A100043432, दिनांक 23.01.2025 से मेरे पक्षकार कलाबाई पति मोतीलाल, जाति-गुर्जर, निवासी-ग्राम-बांसाखेडी, तहसील व जिला-मन्दसौर के पक्ष में उप पंजी कार्यालय मन्दसौर में करवाया गया है। उक्त मकान की चतुर्सीमा व पैमाईश निम्नानुसार है

पूर्व में- रास्ता, पश्चिम में-खुली भूमि, उत्तर में-गली, दक्षिण में-श्यामलाल पिता उकारलाल का मकान, पैमाईश रकबा 142 वर्ग मीटर

उक्त सम्पत्ति पर मेरे पक्षकार द्वारा INDIAN SHELTER FINANCE, CORPORATION LIMITED, Branch Mandsaur से ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत कर दिया है, यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक आदि का भार बोझ आदि उक्त सम्पत्ति पर हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 07 दिवस के अन्दर मेरे कार्यालयीन समय में लिखित ने मय प्रमाण के आपत्ति प्रस्तुत करे। वरना बाद गुजरने, मियाद किसी प्रकार की कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी जो सूचित हो।

भवदीय

राजकुमार गुप्ता, एडवोकेट मन्दसौर



**राजकुमार गुप्ता, एडव्होकेट**

कार्यालय व निवास-207 तिरूपति नगर, होटल सम्राट के सामने पानी की टंकी के पास स्टेशन रोड, मंदसौर (मप्र)-458001Mobile No-98260-58658 E-Mail-rkguptamds@gmail.com

क्रमांक 95/2025 दिनांक 23.01.2025

**✻✻✻ जाहिर सूचना ✻✻✻**

सर्व साधारण को इस जाहिर सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा रामचन्द्र पिता मांगीलाल, जाति-कीर, निवासी-ग्राम-नंदावता, तहसील दलौदा, जिला-मन्दसौर से आवासीय भूमि सर्वे क्रमांक 589 (बी). भूखंड क्रमांक 292 (पी), पटवारी हल्का नं. 00001, पर दर्ज होकर, पता-ग्राम-नंदावता, तहसील-दलौदा, जिला-मन्दसौर उनके हक और हिस्से का स्वत्व: त्याग विधिवत रजिस्टर्ड, स्वत्व त्याग विलेख ई-पंजीकरण क्र. MP15IGR17852025A100041444, दिनांक 22.01.2025 से मेरे पक्षकार चंदाबाई पति रामचन्द्र, जाति-कीर, निवासी-ग्राम-नंदावता, तहसील-दलौदा, जिला-मन्दसौर के पक्ष में उप. पंजी कार्यालय मन्दसौर में करवाया गया है। उक्त मकान की चतुर्सीमा व पैमाईश निम्नानुसार है:-

पूर्व में- रास्ता गली, पश्चिम में-रास्ता, उत्तर में-निर्भयराम जी का मकान, दक्षिण में-आम रास्ता, पैमाईश रकबा-807 वर्ग फीट या 75 वर्ग मीटर

उक्त सम्पत्ति पर मेरे पक्षकार द्वारा INDIAN SHELTER FINANCE, CORPORATION LIMITED, Branch Mandsaur से ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत कर दिया है, यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक आदि का भार बोझ आदि उक्त सम्पत्ति पर हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 07 दिवस के अन्दर मेरे कार्यालयीन समय में लिखित ने मय प्रमाण के आपत्ति प्रस्तुत करे। वरना बाद गुजरने, मियाद किसी प्रकार की कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी जो सूचित हो।

भवदीय

राजकुमार गुप्ता, एडवोकेट मन्दसौर


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 313880, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in